## एक नजर में




### नशामुक्त युवा, राष्ट्र की सच्ची शक्ति

**उज्जैन।** नशा मुक्त जीवन ही, सुरक्षित और सफल जीवन की पहचान है। निश्चित रूप से युवा राष्ट्र की शक्ति है और इसीलिए युवा को नशा मुक्त होना ही चाहिए। उपरोक्त विचार चिंतामन थाना एएसआई विक्रम सिंह तोमर ने राष्ट्र भारती विद्यालय में जागरूकता अभियान नशे से दूरी, है ज़रूरी -2.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए किए। यह कार्यक्रम चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अपने विचारों को व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि नशे से न सिर्फ व्यक्ति बल्कि उसका परिवार, समाज और पूरा राष्ट्र प्रभावित होता है। इस अवसर पर पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल पद पर पदस्थ राम यादव ने विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रबंधन ने इस जन-जागरूकता अभियान की सराहना की। कार्यक्रम का समापन सभी के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि वे नशामुक्त भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देंगे। आभार लक्ष्मी शुक्ला ने माना।

### 30 को होगा संत सम्मान व महाभंडारा

**उज्जैन।** चौबीस खंभा माता मंदिर के पीछे स्थित शिरडी साईबाबा मंदिर में चल रहे 39वें गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं साई संत सम्मेलन के मुख्य आयोजन बुधवार और गुरुवार को होंगे। साई धाम समिति और शिरडी साईबाबा द्वारकामाई (अखंड धुनि) देवस्थान के तत्वावधान में 29 जुलाई को साईबाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 30 जुलाई को संत सम्मान और महाप्रसादी (भंडारे) के साथ इस चार दिवसीय महोत्सव का समापन होगा। जयशंकर पुरोहित ने बताया कि मुख्य पर्व 29 जुलाई को सुबह 9 बजे गुरु पूर्णिमा महापूजन और रसाभिषेक किया जाएगा। दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद प्रसादी वितरित होगी। इसके पश्चात शाम 5 .30 बजे साईबाबा की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते इस वर्ष पालकी यात्रा फ्रीगंज से नहीं निकलेगी। दर्शनार्थी शोभायात्रा के दर्शन गोपाल मंदिर से कर सकेंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 30 जुलाई को शाम 6 बजे से कार्तिक चौक स्थित राठौर समाज धर्मशाला में महाप्रसादी भंडारा शुरू होगा। शाम 7 बजे से शिरडी वासी साई नरेशानंद और आमंत्रित संतों का सम्मान किया जाएगा। समिति के अशोक आचार्य, दिनेश चौहान, हरीश गर्ग सहित सभी साई भक्तों ने नागरिकों से आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

### आज नगर भ्रमण पर निकलेंगे बटुक भैरव

**उज्जैन।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर चक्रतीर्थ स्थित श्री बटुक भैरव मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। भगवान बटुक भैरव आज 29 जुलाई को नगर भ्रमण पर निकलेंगे। शहर में चल रहे विकास कार्यों के चलते इस वर्ष बाबा का भव्य चल समारोह परिवर्तित मार्ग से निकाला जाएगा। महोत्सव के तहत शाम को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा। मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. वरुण तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे वेदोक्त विधान से अभिषेक पूजन के साथ होगी। पूजन के उपरांत दोपहर 12 बजे बाबा बटुक भैरव का भव्य चल समारोह निकाला जाएगा जो शहर के परिवर्तित मार्गों से होता हुआ भ्रमण करेगा। शाम 5 बजे से विशाल भंडारा शुरू होगा, जिसमें श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की जाएगी। मंदिर के प्रमुख पुजारी वरुण तिवारी और भक्त मंडल के सदस्यों ने शहर के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का निवेदन किया है।

### मायापति मंदिर में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**उज्जैन।** मायापति हनुमान सत्संग परिवार द्वारा सामाजिक न्याय परिसर स्थित मायापति हनुमान मंदिर में आज 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी की चरण पादुका का अभिषेक पूजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी गणेश राय और गोपाल भावसार ने बताया कि शाम 4 बजे से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम शुरू होंगे। कार्यक्रम में गुरु मंत्र जप, सत्संग, गायत्री मंत्र जप और महामृत्युंजय जप किया जाएगा। इसके साथ ही हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, भजन, महाआरती और भोजन प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है। आयोजकों ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### प्रभु प्रेमी संघ का गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**उज्जैन।** प्रभु प्रेमी संघ परिवार द्वारा आज 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि स्वामी अवधेशानंद गिरि के अनुयायियों द्वारा यह आयोजन दोपहर 4 बजे जंतर मंतर के आगे और होटल अथर्व के सामने स्थित गंगा गार्डन में किया जाएगा। महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन में मुख्य रूप से नृत्य नाटिका, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र और ऊं का जाप किया जाएगा। इसके साथ ही हनुमान चालीसा पाठ और भजन संध्या का आयोजन भी होगा। आयोजकों ने सभी नागरिकों से इस अवसर पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**उज्जैन।** विश्व जागृति मिशन मंडल उज्जैन द्वारा आज गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। रिंग रोड स्थित आनंद मांगलिक परिसर में शाम 5 से 7 बजे तक आयोजित इस समारोह में परम पूज्य सुधांशु महाराज के शिष्य अपने सद्गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता अर्पित करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि वरुण गुप्ता उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में अनिल पांचाल, प्रकाश चित्तौड़ा, श्याम महेश्वरी और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विमल गर्ग अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। विश्व जागृति मिशन मंडल के डीडी पंचोली ने बताया कि भारतीय संस्कृति में गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा और समर्पण का सर्वोच्च पर्व है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों से सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर गुरु कृपा और आध्यात्मिक सत्संग का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# महाकाल की नगरी में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का सैलाब, 3 अगस्त को प्रथम सवारी

## हाईटेक ड्रोन से निगरानी, प्रथम सवारी से पहले मार्ग दुरुस्त, जनप्रतिनिधि और अफसरो ने किया दौरा, कावड़ियों आना शुरू हुए

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में 30 जुलाई से सावन माह के पर्व की शुरुआत हो जाएगी। शहर के सभी देवालय शिवालय में विशेष तैयारी की जा रही है। वहीं बाबा महाकाल के मंदिर में भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। 3 अगस्त को बाबा महाकाल की प्रथम सवारी निकलेगी,ऐसे में शहर के सभी जनप्रतिनिधि से लेकर जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने आज पूरे शहर का भ्रमण किया और बाबा महाकाल की राह प्रशस्त की गई। प्रदेश घर से कावड़िए भी अवंतिका नगरी में प्रवेश कर रहे हैं।

सिंहस्थ-2028 को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को शिप्रा तट स्थित राणोजी की छत्री पर अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का लाइव प्रदर्शन किया गया। वहीं 3 अगस्त को निकलने वाली भगवान महाकाल की प्रथम सवारी से पहले जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पूरे सवारी मार्ग का पैदल निरीक्षण कर निर्माण कार्य और व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। ड्रोन प्रदर्शन के दौरान चेन्नई, दिल्ली और गुरुग्राम की विशेषज्ञ कंपनियों ने आधुनिक ड्रोन की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने ड्रोन की उड़ान क्षमता, कैमरा गुणवत्ता, डेटा ट्रांसमिशन और भीड़ प्रबंधन में उसकी उपयोगिता का परीक्षण किया। कुछ ड्रोन लगभग 8 किलोमीटर तक निगरानी करने में सक्षम हैं, जबकि पीए सिस्टम से लैस ड्रोन आवश्यकता पड़ने पर मौके से ही घोषणाएं भी कर सकेंगे।



### इधर बाबा महाकाल की राह प्रशस्त

इधर, महाकाल की प्रथम सवारी की तैयारियों को लेकर उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने महाकालेश्वर मंदिर से पूरे सवारी मार्ग का पैदल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सवारी से पहले सड़क चौड़ीकरण, निर्माण कार्य और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हर हाल में पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर शहर और सिंहस्थ मेला क्षेत्र में सड़क, पुल, घाट, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता और यातायात सहित आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य है कि सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और विश्वस्तरीय व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### सुरक्षा के साथ रियल टाइम मॉनिटरिंग

ड्रोन प्रदर्शन के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता, संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि सिंहस्थ के दौरान इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम से पूरे मेला क्षेत्र की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी और आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। ताकि किसी प्रकार की सिंहस्थ परेशानी ना हो।

# तराना के ग्राम बघेरा में 20 जुलाई को चार दोस्तों ने की थी चोरी, 2 से रिमांड पर पूछताछ

**उज्जैन/तराना।** कुछ दिन पहले हुई लाखों की चोरी में पुलिस ने चार दोस्तों को हिरासत में लिया। जिनकी निशान गई पर सोने चांदी के आभूषण और नगदी बरामद की गई। मंगलवार दोपहर चारों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से दो को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

तराना थाना क्षेत्र के ग्राम बघेरा में 20 जुलाई को धर्मेंद्र पिता शिवनारायण सोलंकी के सूने मकान में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात हो गई थी। समीप के ग्राम कार्यक्रम में शामिल होने गया परिवार वापस लौटा दो मकान का ताला टूटा और सामान बिखरा हुआ दिखाई दिया। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की और साइबर टीम की मदद से वारदात स्थल के आसपास मोबाइल लोकेशन को ट्रेस करते हुए सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे। पिछले 7 दिनों से बदमाशों की तलाश जारी थी। सोमवार को सूचना मिली कि चोरी में शामिल बदमाश कनासिया नाके पर दिखाई दिए हैं। तराना थाना



पुलिस की टीम ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए घेराबंदी शुरू की। बदमाशों ने बाइक से जंगल की ओर भागने का प्रयास किया पुलिस ने पीछा करने के बाद चार बदमाशों को हिरासत में ले लिया। जिनसे पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर ढाई किलो चांदी के आभूषण, 10 ग्राम सोने के आभूषण और 55 हजार रुपए की बरामदगी कर ली गई।

### इनका कहना है

टीआई रामनारायण सिंह भदोरिया ने बताया कि हिरासत में आए आरोपी अशोक पिता प्रभुलाल, धीरज पिता प्रभुलाल, सावन पिता गणपत और कान्हा पिता गणपत शामिल है। चारों तराना के रहने वाले हैं लेकिन धीरज और आकाश कुछ समय से उज्जैन के देसाई नगर और अशोकनगर में निवास कर रहे है। चारों को मंगलवार दोपहर पेश किया गया था जहां से सावन और धीरज को पूछताछ के लिए दो दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

## कुचेरा भैरव मंदिर में आज मनेगा पूर्णिमा उत्सव

**उज्जैन।** पीपली नाका स्थित अतिप्राचीन श्री कुचेरा भैरव मंदिर में बुधवार 29 जुलाई को आषाढ़ी (भैरव) पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह बाबा का विशेष अभिषेक किया जाएगा और शाम को आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। शासकीय पुजारी दुर्गा मंगल पुजारी ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे भगवान श्री कुचेरा भैरव का विविध जड़ी-बूटियों, फलों के रस और पंचामृत से महाभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के पश्चात श्रद्धालु दर्शन व पूजन कर सकेंगे। उत्सव को लेकर मंदिर परिसर में आकर्षक पुष्प और विद्युत सज्जा की जाएगी।

# मोबाइल चोरी में मुंबई के संदिग्धों से नहीं मिला सुराग

**उज्जैन। फ्रीगंज में दो दुकानों से करोड़ों के मोबाइल चोरी करने वालों की तलाश में महाराष्ट्र पहुंची पुलिस दो संदिग्धों को उज्जैन लेकर आई थी, लेकिन दोनों से चोरी का सुराग नहीं मिल पाया।**

माधवनगर थाना पुलिस ने हाय चॉइस मोबाइल शॉप और एस एस मोबाइल शॉप में हुई चोरी की वारदात में शामिल बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। दोनों दुकानों से बदमाश करोड़ो के मोबाइल चुरा कर ले गए थे। सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की संख्या चार सामने आई थी जो कार से आए थे। पुलिस लगातार उनकी तलाश करते हुए पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र में डेरा डाले हुए थी। जहां से चोरी की आशंका में दो संदिग्धों को हिरासत में उज्जैन लाया गया। पूछताछ में दोनों से चोरों के संबंध में कोई जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई। उन्होंने भी अपना मोबाइल चोरी होने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने संदिग्धों के मोबाइल के संबंध में जानकारी जुटा तो वह चोरी होना सामने आया। उक्त मोबाइल का उपयोग भी उज्जैन आए बदमाशों ने किया था। बदमाश काफी शातिर थे उन्होंने कार पर नंबर प्लेट भी ग्वालियर के एक व्यापारी की कार की लगाई थी। फिलहाल एक माह होने को है पुलिस के हाथ मोबाइल चोरी करने वालों तक नहीं पहुंच सके हैं।

# महिला ने लगाया महामंडलेश्वर पर दुष्कर्म का आरोप

- बड़नगर मार्ग सदावल स्थित दादू आश्रम के महामंडलेश्वर हैं

**उज्जैन। बड़नगर मार्ग सदावल स्थित दादू आश्रम के महामंडलेश्वर पर महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाकर पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराई। महामंडलेश्वर ने भी हनी ट्रैप में फंसाने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है पुलिस दोनों पक्षों के मामलों की जांच कर रही है।**

बताया जा रहा है कि दादू आश्रम के महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज पर महिला ने दुष्कर्म और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया और गृहमंत्री, डीजीपी, आईजी और एसपी को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं महामंडलेश्वर ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए महिला पर हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग की कोशिश का आरोप लगाया है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि दोनों पक्षों की लिखित शिकायत मिलने पर मामले की जांच शुरू की गई है। महिला का आरोप है कि डेढ़ साल पहले उसकी मुलाकात दत्त अखाड़ा आश्रम में महामंडलेश्वर ज्ञानदास से हुई थी। इसके बाद फेसबुक के जरिए दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और संपर्क बढ़ता गया। महिला के अनुसार, वर्ष 2025 की गुरु पूर्णिमा पर वह अपने भाई के साथ दादू आश्रम पहुंची थी और कुछ दिन वहीं रुकी थी इसी दौरान महामंडलेश्वर ने उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर मारपीट की। जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया।

### महामंडलेश्वर ने आरोपों को झूठा बताया

महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज ने महिला के सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि उन्हें बदनाम करने और झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने दावा किया कि महिला एक साल से उन्हें ब्लैकमेल कर रही थी। हनीट्रैप में फंसाने का प्रयास कर रही थी। उनके मुताबिक, ब्लैकमेलिंग से जुड़े ऑडियो, वीडियो और अन्य दस्तावेजी साक्ष्य पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

### इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

उज्जैन। पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में क्राइम ब्रांच और थाना उन्हेल पुलिस की संयुक्त टीम ने 10 हजार के इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना उन्हेल के अपराध 303 (2) के मामले में आरोपी आबिद उर्फ आलिया पिता उमर, निवासी दुपाड़ा, थाना लालघाटी, जिला शाजापुर चोरी की घटना के बाद से फरार चल रहा था। लगातार प्रयासों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच एवं थाना उन्हेल पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार किया।

# विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सीखा आपात स्थिति में जान बचाने का कौशल

**उज्जैन।** रोटरी क्लब उज्जैन के तत्वावधान में सोमवार को माधव विज्ञान महाविद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों के लिए नि:शुल्क सीपीआर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह जीवन रक्षक प्रशिक्षण भारतीय पुनर्जीवन परिषद और भारतीय एनेस्थीसियोलॉजिस्ट सोसायटी उज्जैन इकाई के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें विद्यार्थियों को मेडिकल इमरजेंसी के दौरान जान बचाने की तकनीक सिखाई। कार्यक्रम में डॉ. हर्ष मंगल ने अपनी टीम के साथ सीपीआर की प्रक्रिया का डेमोंस्ट्रेशन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. शुचिता चांदोरकर ने किया।



### आयोजन में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास, प्रोफेसर अनिल पांडेय सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। रोटरी क्लब की ओर से प्रोजेक्ट इंचार्ज रोटेरियन हरिहर शर्मा, डॉ. जागृति शर्मा, पीडीजी रवि प्रकाश लंगर, पीडीजी डॉ. नलिनी लंगर, पूर्व क्लब अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे, अजय भार्गव, शाहिद हाशमी, केके पवार और अजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय का स्टॉफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

# दुपट्टे का फंदा गले में डालकर महिला ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** रात में महिला ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतरकर चरक अस्पताल लेकर पहुंचे हालत गंभीर होने पर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। लेकिन वहां पलंग खाली नहीं होने पर उसे निजी अस्पताल लाया जाने लगा इसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई।

नागझिरी थाना क्षेत्र की बिहारी कॉलोनी में रहने वाली रीना पति सुनील देवड़ा 46 साल ने रात में छत पर जाने के बाद गैलरी से दुपट्टा बांध गले में फंदा डाल दिया था। सास कृष्णा बाई ने उसे देखा तो परिजनों को बुलाकर नीचे उतारा रीना की सांस चल रही थी। उसे चरक अस्पताल लाया गया हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां भी पलंग खाली नहीं होने पर उसे भर्ती नहीं किया जा सका। परिजन निजी अस्पताल लेकर निकले इसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रीना ने 6 माह पहले ही पहले पति को छोड़ सुनील देवड़ा से शादी की थी। परिजनों का कहना था कि रात में खाना खाने के बाद छत पर गई थी। काफी देर तक नहीं आई तो उसे देखने पहुंचे थे वह फंदे पर लटकी मिली थी। नागझिरी थाना पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## ट्रेन से टकराई की युवती की हालत गंभीर

**उज्जैन।** मंगलवार सुबह नागझिरी उद्योगपुरी क्षेत्र में ट्रेन से टकराने पर युवती गंभीर घायल हो गई। उसे चरक अस्पताल लाया गया जहां से रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती के बयान होने पर ही घटना की सही स्थिति सामने आ पाएगी। नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि सुबह उद्योग पूरी क्षेत्र में ट्रेन से टकराने पर पूजा पिता छोटू लाल 22 साल के गंभीर होने पर चरक अस्पताल ले जाने की सूचना मिली थी। अस्पताल पहुंचने पर सामने आया कि हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया है। प्रधान आरक्षक के अनुसार फिलहाल घटना स्पष्ट नहीं हो पाई है।

# उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन ने अभियान में रोपे पौधे, किया सम्मान

- नीम, पीपल और बरगद के लगाए
- 20 से अधिक पौधे

**उज्जैन। उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन द्वारा ऑल इंडिया टेंट वेलफेयर फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में नीम, पीपल और बरगद के 20 से अधिक पौधे लगाए गए। उज्जैन संभाग अध्यक्ष समीर उल्हक और मीडिया प्रभारी आशीष मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश गोयल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राजेश हार्डिया, चंद्रशेखर निगम और मुन्ना वर्मा उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में ललित सोलंकी, राकेश सालडिया, जीतू राठौर, देवेंद्र पंडित और नागदा के नाना उपस्थित रहे।




### सम्मान के बाद किया अतिथियों का सम्मान

विनोद जायसवाल ने बताया कि जुल्फेज़ जाफरी, प्रभा शंकर और फरहान खान का सम्मान राजेश हार्डिया ने किया। इंदौर और नागदा से पधारे अतिथियों का सम्मान हैदर, वसीम, निक्कू राठौर, नंदू और इरफान मंसूरी ने किया। सम्मान समारोह के पश्चात पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संभाग अध्यक्ष समीर उल्हक ने किया तथा आभार मुबाहिद मंसूरी ने माना।

**एक नजर में** — मंदिर समिति ने हर मंगलवार, शुक्रवार को दक्षिण भारतीय प्रसाद की शुरुआत की

# महाकाल अन्नक्षेत्र में अब श्रद्धालु को इडली-सांभर भी मिलेगा

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के नि:शुल्क अन्नक्षेत्र में अब श्रद्धालुओं को दक्षिण भारतीय व्यंजनों का प्रसाद भी मिलेगा। इसकी शुरुआत मंगलवार को भगवान महाकाल को भोग लगाकर की गई। अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण करते है जिसमें उन्हें समिति द्वारा सब्जी-रोटी, दाल-चावल, नमकीन व मीठे पकवान परोसे जाते हैं। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने कहा कि अब अन्नक्षेत्र में समिति ने एक नई शुरुआत कर प्रति मंगलवार व शुक्रवार को श्रद्धालुओं को सांभर, इडली, स्टीम राइस, मौसमी सब्जी, पोंगल आदि खिलाएंगे।

**आज सवारिया सेठ व रामेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा**-भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर पर गुरु पूर्णिमा पर बुधवार को सवारिया सेठ व रामेश्वर महादेव की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इसके पूर्व भर्तृहरि गुफा पर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज द्वारा गुरु गोरखनाथ जी का अभिषेक-पूजन व गुरु पूजन किया जाएगा। मां बगलामुखी धाम में दिनभर अनुष्ठान, गुरु पूजन व भंडारा चलेगा। मूर्ति प्रतिष्ठा अनुष्ठान की शुरुआत मंगलवार को कलश यात्रा से हुई। 101 ब्राह्मणों द्वारा पं. राजेश शर्मा के आचार्यत्व में यह अनुष्ठान कर रहे हैं।



### रामानुजकोट आश्रम में गुरु पूर्णिमा उत्सव

रामघाट मार्ग स्थित श्री रामानुजकोट आश्रम में पीठाधीश्वर 1008 स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज एवं युवराज स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में गुरु गादी व चरण पादुका पूजन होगा। आश्रम के प्रबंधक पं. आत्माराम शर्मा ने बताया दोपहर में भक्त एवं शिष्य गुरु पूजन करेंगे। यह कार्यक्रम प्रात: 8 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। दोपहर 12 से 1 बजे तक भंडारा होगा। शाम 4 से 6 बजे तक गुरु दीक्षा होगी।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी सुमनबाई पति स्व. श्री श्यामसुदंर जोशी जाति ब्राह्मण निवासी जोशीगली (विनोबा गली) खाचरौद जिला उज्जैन मप्र से उनके स्वामित्व व आधिपत्य का मकान खाचरौद नगरपालिका सीमा के वार्ड नबंर 19 में मकान नबंर 18 नगरपालिका संपत्ति आईडी नबंर 1002012486 जिसकी मौके पर लंबाई उत्तर से दक्षिण 45 फीट व चौड़ाई पूर्व से पश्चिम 14 फीट होकर मकान की चतु:सीमा इस प्रकार है कि, उत्तर में रास्ता आम गोपालमार्ग खाचरौद, पश्चिम दिशा में जोशीगली (विनोबागली) खाचरौद, पूर्व में भटेवरा जी का मकान व पश्चिम में राहुल गेलडा व मनीष गेलडा का भूखण्ड स्थित है, उक्त मकान को मय तला भूमि उस पर निर्माण व उपर हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया है तथा अनुबंध के पालन में बयाना राशि अदा कर दी है। अनुबंध के पालन मे शेष प्रतिफल अदा कर उक्त मकान के विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अगर उपरोक्त वर्णित मकान संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, निजी ऋणदाता अथवा वित्तीय संस्थान का किसी भी स्वरूप का कोई भार बोझ हो अथवा कोई स्वत्व हित अधिकार तो इस सूचना प्रकाशन की 8 दिवस की अवधि में मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार विक्रय-पत्र का पंजीयन विधिवत अपने पक्ष में करवा लेवेगा तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही रहेगी। सूचित हो।

दिनांक-28-07-2026 ईस्वी

**अफसर एहमद मंसूरी एडवोकेट,**
**जवाहरमार्ग खाचरौद जिला उज्जैन-फोन-98269-49940**